UPMP040076432026

**न्यायालय Addl C.J.M, Mainpuri**

पीठासीन अधिकारी– (SMT NUTAN CHAUHAN) - उ०प्र० न्यायिक सेवा – UP02479

Bail Application/2002/2026

**State Of U.P Vs. sanjesh others**

दिनांक- 13. 04. 2026

**आदेश**

1. यह जमानत प्रार्थना पत्र अभियुक्तगण संजेश एवं अरविन्द पुत्रगण औसान सिंह, राहुल पुत्र मुन्नेश एवं मुन्नेश पुत्र सिगमन सिंह की ओर से मु0 अ 0 सं0- 115/ 2024 अंतर्गत धारा- 323, 504, 506 भारतीय दण्ड संहिता थाना- घिरोर जिला मैनपुरी के प्रकरण में जमानत हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अभियुक्तगण न्यायालय के समक्ष उपस्थित है।

2. जमानत प्रार्थना पत्र पर बल देते हुए अभियुक्तगण के विद्वान अधिवक्ता ने तर्क प्रस्तुत किया गया है कि प्रार्थीगण/ अभियुक्तगण बिल्कुल निर्दोष हैं। प्रार्थीगण को उपरोक्त प्रकरण में रंजिशन एवं झूठा नामित किया गया है। प्रार्थीगण द्वारा ऐसा कोई अपराध कारित नहीं किया गया है। प्रार्थीगण अपनी जमानत देने को तैयार है। अतः जमानत पर रिहा किये जाने की याचना की गई है।

सुना एवं विद्वान सहायक अभियोजन अधिकारी की आख्या व पत्रावली का अवलोकन किया।

3. पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि अभियुक्तगण ने स्वेच्छा से आत्मसमर्पण किया है। अभियुक्तगण पर गाली- गलौज कर अपमानित करते हुए मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने का अभियोग है। अतः उपरोक्त तथ्य एवं परिस्थितियों को देखते हुए अभियुक्तगण को जमानत पर रिहा किये जाने का आधार पर्याप्त है।

4. अतः अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा मुव० 25,000/ - 25,000/ - रूपये के व्यक्तिगत बन्धपत्र एवं इसी राशि की एक- एक प्रतिभू दाखिल करने पर अभियुक्तगण को जमानत पर रिहा किया जाता है।

**( श्रीमती नूतन चौहान )**

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

कोर्ट संख्या- 01, मैनपुरी।

JO Code No. UP 2479

NUTAN CHAUHAN

Digitally signed by NUTAN CHAUHAN
Date: 2026.04.13 17:39:35 +0530